बरेली, गुरुवार
30 अक्टूबर, 2025
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 7.00
पृष्ठ 16+4=20

# दैनिक जागरण

PAGE NO : III BOTTOM

# एसआरएमएस और देहरादून फाइनल में

जागरण संवाददाता, बरेली: श्रीराम मूर्ति मेमोरियल टी-20 प्राइज मनी वूमेन क्रिकेट टूर्नामेंट के दूसरे दिन बुधवार को खेले गए मुकाबलों में रोमांच व उमंग का संगम देखने को मिला। देहरादून स्ट्राइकर्स वुमन टीम ने दिल्ली दबंग को 68 रन से पराजित किया। वहीं, एसआरएमएस क्रिकेट एकेडमी ने हल्द्वानी क्वींस को 23 रन से हराकर लगातार दूसरी जीत के साथ फाइनल में जगह पक्की कर ली।

बरेली क्रिकेट एसोसिएशन के सहयोग व एसआरएमएस ट्रस्ट की ओर से आयोजित इस टूर्नामेंट के तीसरे मैच में सुबह नौ बजे देहरादून स्ट्राइकर्स और दिल्ली दबंग की टीमें आमने-सामने हुईं। देहरादून ने पहले बल्लेबाजी करते हुए नीलम बिष्ट के शानदार प्रदर्शन से निर्धारित 20 ओवरों में पांच विकेट पर 149 रन बनाए। नीलम ने एक छक्के और आठ चौकों की मदद से 52 गेंदों में 57 रन की अर्धशतकीय पारी खेली। वहीं, यशिका ने 36, रौज ने 23 और हिंपल ने 14 रन का योगदान दिया। जवाब में दिल्ली दबंग की टीम 20 ओवर में छह विकेट पर केवल 81 रन ही बना सकी। लगातार दूसरी बार अर्धशतक लगाने वाली नीलम बिष्ट को मैन आफ द मैच चुना गया।



मैच में शाट लगाती खिलाड़ी • सौ. आयोजक

वहीं, दोपहर के चौथे मैच में एसआरएमएस क्रिकेट एकेडमी और हल्द्वानी क्वींस के बीच कड़ा मुकाबला हुआ। पहले बल्लेबाजी करते हुए एसआरएमएस की टीम ने आठ विकेट पर 108 रन बनाए। मनीषा कुंवर ने 34 और काजल ने 27 रन बनाकर टीम को संभाला। जवाब में हल्द्वानी की टीम 20 ओवरों में आठ विकेट पर 85 रन ही बना सकी। टीम की ओर से अंकिता शाह ने सर्वाधिक 23 रन बनाए। एसआरएमएस की मीनाक्षी यादव और हर्षिता पंत ने तीन-तीन विकेट लेकर टीम की जीत सुनिश्चित की। मीनाक्षी को तीन ओवर में 15 रन देकर तीन विकेट लेने के लिए मैन आफ द मैच चुना गया। मैच में हृदेश कुमार और सौरभ कुमार अंपायर रहे, जबकि अनुज शर्मा ने थर्ड अंपायर की भूमिका निभाई। कुणाल स्कोरर और युसुफ अंसारी कमेंट्री पैनल में रहे। इस अवसर पर एसआरएमएस ट्रस्ट के सचिव आदित्य मूर्ति, एसआरएमएस सीईटी के प्रिंसिपल डा. प्रभाकर गुप्ता, वाइस प्रिंसिपल डा. ऋतु सिंह, डीन डा. शैलेश सक्सेना, डायरेक्टर फार्मेसी डा. नितिन शर्मा उपस्थित रहे। लगातार दो-दो मैच जीतकर एसआरएमएस और देहरादून स्ट्राइकर्स दोनों टीमों ने फाइनल में प्रवेश कर लिया है। फाइनल मुकाबला 31 अक्टूबर को सुबह नौ बजे श्रीराम मूर्ति क्रिकेट स्टेडियम में खेला जाएगा। 30 अक्टूबर को टूर्नामेंट का पांचवां मैच सुबह नौ बजे दिल्ली दबंग और हल्द्वानी क्वीन्स के बीच तथा छठा मैच दोपहर 12 बजे एसआरएमएस और देहरादून स्ट्राइकर्स के बीच खेला जाएगा।